# पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 15 जनवरी को सुबह 10 बजे से

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले में पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा का आयोजन 15 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा उक्त परीक्षा के लिए 49 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है तथा परीक्षा के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में आवश्यक प्रशिक्षण होगा। समस्त आब्जर्वर 15 जनवरी को प्रातः 7.30 बजे जिला कोषालय रायगढ़ में उपस्थित होकर गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्ष से गोपनीय सामग्री (सील्ड) प्राप्त कर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में जमा करेंगे।

# स्मार्ट कार्डधारी मरीजों को ईलाज के समय आधार कार्ड लाना अनिवार्य

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अनुसार स्मार्ट कार्डधारी मरीजों को ईलाज के समय स्मार्ट कार्ड के साथ-साथ आधार कार्ड लाना होगा। जिससे जिले में स्मार्ट कार्ड का तथा आधार कार्ड नंबर का हितग्राही मरीज के कार्ड के साथ लिंक किया जा सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कोई भी मरीज जब ईलाज के लिये आये तो साथ में अपना तथा अपने हितग्राही मरीज का आधार नंबर भी लाये, जिससे उनका आधार नंबर की एन्ट्री ईलाज के दौरान ही किया जा सके। यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिससे समस्त हितग्राही मरीजों को बिना पैसे के 30,000 रूपये तक ईलाज की सुविधा निश्शुल्क प्रदान कराई जाती है।

# रोजगार पंजीयन अब नवीन भवन में

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** जिला रोजगार अधिकारी प्रमोद जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार पंजीयन का कार्य अब मरीन ड्राईव, एस.ई.सी.एल. रोड रायगढ़ स्थित नवीन भवन में प्रारंभ कर दिया गया है। समस्त अभ्यर्थी पंजीयन संबंधी ऑनलाईन आवेदन के लिए सत्यापन, नवीनीकरण एवं अन्य कार्य हेतु नवीन भवन में उपस्थित होकर रोजगार पंजीयन का कार्य करा सकते है।

# दो निर्माण कार्य के लिए 2.75 लाख रुपए स्वीकृत

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** विधायक रायगढ़ की अनुशंसा पर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विकासखण्ड पुसौर के ग्राम पंचायत कोड़ातराई के आश्रित ग्राम गोहड़ीडीपा के प्राथमिक शाला भवन में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 01 लाख 75 हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत औरदा के डीपापारा मुहल्ला में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 01 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। उन्होंने निर्माण कार्य का दायित्व जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा है।

# आवास मित्र' के लिए आवेदन 20 जनवरी

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निर्मित किए जाने वाले आवासों के लिए हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने तथा सामग्री की उपलब्धता में सहायता करने के दृष्टिकोण से 100 हितग्राहियों के लिए कलस्टर में 01 आवास मित्र की सेवा लिए जाने के फलस्वरूप आवास मित्र' का चयन किया जाना है। इसके लिए 20 जनवरी शाम 5.30 बजे तक आवेदन पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में स्वीकार किए जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय पर के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी नियम व शर्ते तथा आवेदन का प्रारूप संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय के सूचना पटल एवं रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

# जिला जेल में क्षमता से कम दर्ज हुई बंदियों की संख्या

## 6 अतिरिक्त बैरक निर्माण के बाद पहली बार हुआ ऐसा

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** जिला जेल रायगढ़, हमेशा की क्षमता से अधिक बंदियों की मौजूदगी को लेकर सुर्खियों में रहता है। पर एक दशक बाद सोमवार को पहली बार ऐसा हुआ कि 525 की क्षमता वाले इस जेल में 516 बंदियों की संख्या, रजिस्टर में दर्ज की गई। जेल प्रशासन भी इसे एक उपलब्धि के रूप में देख रही है। 225 की क्षमता वाले जिला जेल में 6 अतिरिक्त बैरक का निर्माण हुआ। इससे बंदियों की क्षमता संख्या 225 से 525 हो गई। पर मुख्यमंत्री के हाथों बैरक लोकापर्ण के बाद बंदियों की संख्या कम नहीं हो सकी। वहीं पिछले कई माह से इसकी संख्या 575 से लेकर 600 के करीब हुआ करती थी। पर सोमवार को जिला जेल में करीब एक दशक बाद ऐसा हुआ कि बंदियों की संख्या, उसकी क्षमता से नीचे दर्ज की गई। सोमवार को जिला जेल में बंदियों की संख्या 516 थी। जिसमें पुरूष बंदियों की संख्या 487 जबकि महिला बंदियों की संख्या 29 है। जेल प्रशासन भी बंदियों की घटती संख्या को लेकर अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रहा है। जेल प्रशासन की माने तो समय समय पर लोक अदालत, विधिक सलाह व पहल कर उनकी मदद की जा रही है। जिसकी वजह से बंदियों की संख्या में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में बंदियों की संख्या को कम करने के लिए कुछ और भी पहल किए जाएंगे।




### मिल रहा स्वच्छ वातावरण

जेल में दक्षता से अधिक बंदियों की मौजूदगी की वजह से समय-समय पर चेचक, खुजली व अन्य बीमारियां भी फैलती थी। पर हाल के कुछ माह से ऐसी बीमारियों को पांव पसारने का मौका नहीं मिला है। जिसके पीछे अतिरिक्त बैरक निर्माण व बंदियों के ओवर क्राउड कम होना बताया जा रहा है।

# आतंकी मामले में जांच

## रविवार को लौटकर सोमवार को बंगाल रवाना, जीआरपी




जीआरपी की दो अलग-अलग टीम प्रदेश से है बाहर

**5न्यायसाक्षी/रायगढ़।** चलती ट्रेन से फरार हुए आतंकी के मामले में जांच टीम ने एडी चोटी का जोर एक कर दिया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 6 दिन पश्चिम बंगाल में गुजार कर रविवार को रायगढ़ पहुंची जांच टीम, सोमवार को फिर कोलकाता के लिए रवाना हो गई। हालांकि टीम की इस तेजी को देख तरह-तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। विदित हो कि अगस्त 2014 में अप हावड़ा-मुंबई मेल से हूजी का आतंकी फरार हो गया था। जिसका अपराध रायगढ़ जीआरपी में दर्ज है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 3-4 माह की बात करे तो चलती ट्रेन से फरार होने वाले हूजी के आतंकी शेख अब्दुल नईम के मामले में रायगढ़ जीआरपी की विवेचना की दशा व दिशा दोनों ही बल गई है। जिसके पीछे कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारार की जा रही मॉनीटरिंग को बताया जा रहा है। वहीं नए साल में जीआरपी की दो टीम, आतंकी मामले में जांच व आतंकी के भागने में लापरवाही दिखाने वाले पश्चिम बंगाल पुलिस के अधिकारी, जवानों की गिरफ्तारी के लिए कोलकाता गई थी। करीब 6 दिन बंगाल में गुजारने के बाद रायगढ़ जीआरपी की टीम, रविवार की रायगढ़ पहुंची। वहीं आला अधिकारी से चर्चा करने के बाद सोमवार को टीम, एक बार फिर कोलकाता के लिए रवाना हो गई। जीआरपी की इस जल्दबाजी को देख कयासों का दौर शुरू हो गया है। जितने मुंह-उतनी बातें सुनने को मिल रही है।

### इधर एक टीम के दिल्ली जाने की चर्चा

आतंकी मामले की अब तक की हुई विवेचना की समीक्षा को लेकर एक टीम के दिल्ली जाने की भी चर्चा है। जहां सीबीआई के आला अधिकारी संग बैठक होने की बात कही जा रही है। हालांकि इस मामले में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी, मीडिया से कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। पर यह कहना गलत नहीं होगा कि जो काम पिछले दो साल में नहीं हुआ, वो पिछले 4-5 माह से होते नजर आ रहा है।

# जंगल में फिर मृत मिला दो माह का हाथी शावक

## पेट में गहरा चोट का निशान, दंतैल हाथी द्वारा हमला करने की आशंका

## रायगढ़ रेंज के बंगुरसिया सर्किल का मामला, पहुंचे अधिकारी

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ रेंज के बंगुरसिया जंगल में एक दो माह के हाथी के शावक को मृत अवस्था में पाया गया है। हाथी शावक के पेट में चोट के निशान है। प्रारंभिक जांच में चोट की वजह, नर हाथी द्वारा शावक पर वार करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, मामले की जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ रेंज में एक बार फिर मृत हाथी के शावक की लाश बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की देर शाम की बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार को घटना स्थल पर पहुंच कर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, मामले की जांच में जुट गए। जहां शावक के पेट में एक गहरा सुरंगनुमा चोट का निशान है। जिसे देखते हुए इस बात की आशंका जाहिर की जा रही है कि किसी दंतैल नर हाथी ने शावक के पेट में वार किया है। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि शावक पर आक्रमक होने की वजह, नर हाथी का मादा हाथी की ओर आकर्षण के दौरान ही होता है।

# ग्राम रोजगार सहायक भर्ती के लिए आवेदन 30 जनवरी तक

**रायगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ के 14 ग्राम पंचायत हेतु ग्राम रोजगार सहायक की संविदा भर्ती हेतु 30 जनवरी शाम 5.30 बजे तक तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक पंजीकृत डाक के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय रायगढ़ के मनरेगा शाखा में आवेदन भेज सकते है।


## आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो.नं. 9039961090

## ऐजेंसी देना है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए !!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

## सामाजिक न्याय संघ

SJU Govt. Registered Social Justice Union

शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526

अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

हमारी उपलब्धियां

आवश्यकता है

शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)

सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090

E-mail ID- sjunion29@gmail.com website : www.sjunion.org



## सामाजिक न्याय संघ

शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526

अधिकार से न्याय तक

क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।



छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)

सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090

E-mail ID- sjunion29@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल-nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931